# न्यूज़ रिलीज़

तुरंत जारी करने हेतु
16 अक्तूबर, 2023

प्रीमियर का कार्यालय
आवास मंत्रालय

**अल्पावधि के लिए किराये पर दिए जाते स्थानों में हो रही बढ़ोतरी पर लगाम लगाने, लोगों को अधिक घर मुहैया करवाने के लिए विधान पेश**

विक्टोरिया – अल्पावधि के लिए किराये पर दिए जाते स्थानों को लोगों के लिए घरों में तबदील करना, तेज़ी के साथ फैल रही शॉर्ट-टर्म रैंटल मार्केट (थोड़े समय के लिए किराये पर दिए जाते घरों की मार्केट) को नियमत करने के लिए पेश किए गए नए विधान का मुख्य केंद्र है।

"हर वह व्यक्ति जो रहने के लिए किफ़ायती जगह की खोज कर रहा है, जानता है कि यह कितना कठिन है, और शॉर्ट-टर्म रैंटल इसे और भी चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं," प्रीमियर डेविड ईबी ने कहा, "बी. सी. में शॉर्ट-टर्म रैंटल की संख्या पिछले कुछ सालों में बहुत बढ़ी है, जिस के कारण हज़ारों लॉन्ग-टर्म (दीर्घावधि के लिए किराये पर दिए जाते) घरों को मार्केट से हटा दिया गया है। यही कारण है कि लाभ को मुख्य रख कर चलाये जाने वाले छोटे होटलों के संचालकों पर लगाम लगाने, कानून लागू करने के लिए नए साधन बनाने और उन लोगों को घर वापस देने के लिए के लिए जिन को उन की ज़रूरत है, हम कड़ी कार्यवाही कर रहे हैं।"

ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर शॉर्ट-टर्म रैंटल लिस्टिंग ( जिस में, उदाहरण के लिए, Airbnb, VRBO, Expedia, FlipKey शामिल हो सकते हैं) का पिछले कुछ सालों में तेज़ी से विस्तार हुआ है। आंकड़े दर्शाते हैं कि कोविड-19 महामारी के बाद से इस में लगातार विस्तार हो रहा है। बी. सी. की शॉर्ट-टर्म रैंटल मार्केट अब तक के सब से ऊँचे स्तर पर है, और हज़ारों लॉन्ग-टर्म रैंटल ((दीर्घावधि के लिए किराये पर दिए जाते घर) शॉर्ट-टर्म मार्केट की तरफ मोड़े जा रहे हैं। मौजूदा समय में, बी. सी. में लगभग 28,000 रोज़मर्रा की सक्रिय शॉर्ट-टर्म रैंटल की लिस्टिंग हैं, जो एक साल पहले के मुकाबले 20% की बढ़ोतरी है। आंकड़े संकेत करते हैं कि 16,000 से अधिक पूरे के पूरे घरों को एक कैलेंडर साल के ज़्यादातर समय के लिए शॉर्ट-टर्म रैंटल के तौर पर सूचीबद्ध किया जा रहा है।

" शॉर्ट-टर्म रैंटल मार्केट बी. सी. और दुनिया भर में गंभीर चुनौतियाँ पैदा कर रही है। एक से अधिक लिस्टिंग वाले ऑपरेटर बड़े लाभ कमाने के लिए घरों को लॉन्ग-टर्म मार्केट से हटा रहे हैं, जब कि लोग इस के नतीजे भुगत रहे हैं - यह इस तरह से नहीं चल सकता," आवास मंत्री, रवि काहलों ने कहा, "विधान व्यापक है और उच्च-आवसीय ज़रूरतों वाले क्षेत्रों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। यह शॉर्ट-टर्म रैंटल की बढ़ रही चुनौती से निपटने और लोगों के लिए और अधिक घर मुहैया कराने के लिए मज़बूत कार्यवाही और विचारशील पहुँच है।"

बी. सी. में शॉर्ट-टर्म रैंटल मार्केट में लाभ-संचालित ऑपरेटरों के एक छोटे से हिस्से का दबदबा है। मैकगिल यूनिवर्सिटी की खोज दर्शाती है कि चोटी के 10% होस्ट पूरी आमदनी का लगभग आधा कमाते हैं। सभी ऑपरेटरों में से लगभग आधे के पास एक से अधिक लिस्टिंग हैं। वैनकूवर, विक्टोरिया और कलोना समेत लगभग 30 नगर पालिकाओं ने शॉर्ट-टर्म रैंटल मार्केट को नियमत करने के लिए शॉर्ट-टर्म रैंटल मार्केट के नियम और लाइसेंस फीस आरंभ की है। प्रस्तावित विधान उन नियमों को आगे बढ़ाता है और नगर पालिकाओं को कानून लागू करने वाले अधिक साधनों से लैस करता है।

यह विधान तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है:

- जुर्माने बढ़ाना और स्थानिक सरकारों के लिए साधनों को मज़बूत करना
- शॉर्ट-टर्म रैंटल को लोगों के लिए लॉन्ग-टर्म घरों में तबदील करना
- प्रांतीय नियम स्थापित करना और उन्हें लागू करना

शॉर्ट-टर्म रैंटल कैसे काम करते हैं, उस में परिवर्तन एक चरणबद्ध पहुँच द्वारा लागू होंगे और इन में यह शामिल होंगे:

• स्थानिक सरकारों के लिए जुर्माने और बेहतर साधनों में बढ़ोतरी करना:

o स्थानिक नगर पालिका नियमों का समर्थन करने के लिए स्थानिक नियमों को तोड़ने वाले ऑपरेटरों के लिए जुर्मानों में बढ़ोतरी करना, और स्थानिक स्तर पर नियमों को मज़बूत बनाने के लिए अपना डेटा सांझा करना शॉर्ट-टर्म रैंटल के प्लेटफॉर्मों के लिए ज़रूरी बनाना;

o ऑनलाइन शॉर्ट-टर्म रैंटल प्लेटफॉर्मों के लिए अपना डेटा प्रांतीय सरकार के साथ सांझा करना ज़रूरी बनाना, ताकि प्रांतीय सरकार प्रांतीय और फेडरल टैक्स ऑडिट को लागू करने और उस में सहायता करने के लिए स्थानिक सरकारों को वह जानकारी प्रदान कर सके;

o शॉर्ट-टर्म रैंटल प्लेटफॉर्मों के लिए लिस्टिंग पर व्यवसायों के लाइसेंस नंबर शामिल करना ज़रूरी बनाना जहाँ वह किसी स्थानिक सरकार द्वारा प्रयोग में लाए जाते हैं, और स्थानिक नियमों की पालना को निश्चित बनाने के लिए उन के बगैर लिस्टिंग को शीघ्रता से हटाना; और

o रीजनल डिस्ट्रक्टों को कारोबारी लाइसेंस जारी करने का अधिकार देना ताकि वह ग्रामीण क्षेत्रों में शॉर्ट-टर्म रैंटल को और अधिक प्रभावशाली ढंग से नियमत कर सकें।

• शॉर्ट-टर्म रैंटल को लोगों के लिए लॉन्ग-टर्म घरों में तबदील करना:

o बी. सी. में शॉर्ट-टर्म रैंटल की पेशकश केवल 10,000 लोगों या इस से अधिक आबादी वाली नगर पालिकाओं में होस्ट के मुख्य निवास* में किया जाना ज़रुरी बनाना (*मुख्य निवास और उस के साथ प्रॉपर्टी पर एक सेकेंडरी सूईट या लेनवे होम/गार्डन सूईट की आज्ञा है)।

o आने वाले नियमों में मुख्य निवास की शर्त से छूट प्राप्त क्षेत्रों का विवरण दिया जाएगा जिस में 14 रिज़ोर्ट क्षेत्र, पहाड़ी रिज़ोर्ट क्षेत्र, 10,000 से कम आबादी वाली नगर पालिकाएं (अधिक बड़ी नगर पालिकाओं के 15 किलोमीटर के अंदर पड़ने वाली नगर पालिकाओं को छोड़ कर) और रीजनल डिस्ट्रिक्ट इलेक्टोरल क्षेत्र शामिल हैं; और

o निवेशकों द्वारा लाभ उठाए जा रहे शॉर्ट-टर्म रैंटल के लिए कानूनी ग़ैर-अनुकूल प्रयोग सुरक्षा को हटाना ताकि स्थानिक सरकारों के नियम निर्धारित करने के प्रयासों का समर्थन किया जा सके कि यह यूनिट समुदायों में कहाँ काम कर सकते हैं।

• प्रांतीय नियम स्थापित करना और उन्हें लागू करना:

o मज़बूत जवाबदेही के लिए 2024 के अंत तक एक प्रांतीय होस्ट और प्लेटफार्म रजिस्टरी स्थापित करना; और

o नियमों की पालना को यकीनी बनाने के लिए एक प्रांतीय शॉर्ट-टर्म रैंटल की पालना और लागू कराने वाला यूनिट शुरू करना।

शॉर्ट-टर्म रैंटल कैसे चलाए जाते हैं और लागू किये जाते हैं, इस को अपडेट करने से अगले कुछ सालों में हज़ारों घरों को मार्केट में वापस आने में योगदान मिलेगा, जब कि छोटे समुदायों और उन समुदायों को कुछ आज़ादी मिलेगी जो शॉर्ट-टर्म रैंटल से संबंधित सैर- सपाटे पर बहुत ज़्यादा निर्भर करते हैं। यह क्षेत्र अपने समुदायों में आवासीय दबाव के आधार पर प्रमुख रिहाइशी ज़रूरतों का चयन करने के योग्य हो सकेंगे।

फ़र्स्ट नेशनज़ रिज़र्व ज़मीन पर समुदायों को विधान से छूट दी जाएगी। आधुनिक ट्रीटी नेशनज़ को भी विधान से छूट दी जाएगी परन्तु यदि वह चाहते हैं, तो वह विधान के विकल्प का चयन करने के योग्य होंगे।

यह प्रस्तावित विधान होटलों और मोटलों पर लागू नहीं होगा। अतिरिक्त प्रकार की प्रॉपर्टियों को छूट देने के लिए भी नियम तैयार किये जा रहे हैं, उदाहरण के लिए: टाईमशेयर और फिशिंग लॉज, जिन्हें इस विधान के दायरे में लाने का इरादा नहीं है।

यह विधान प्रांतीय सरकार के होम्ज़ फॉर पीपल एक्शन प्लॉन का हिस्सा है। 2023 के वसंत में घोषित की गई, यह योजना 2017 से ले कर आवास प्रदान करने की ऐतिहासिक कार्यवाही को आगे बढ़ाती है, और लोगों के लिए ज़रुरी घरों को अधिक तेज़ी से उपलब्ध करवाने के लिए अगली कार्यवाहियों को व्यस्थित करने के साथ साथ बी. सी. भर में और जीवंत समुदायों का सृजन करती है।

**और जानें:**

शॉर्ट-टर्म रैंटल अकोमोडेशन्ज़ एक्ट की तकनीकी विवरण पेशकारी देखने के लिए, https://news.gov.bc.ca/files/ShortTermRental_Technical_Briefing.pdf पर जाएं।

बी. सी. में शॉर्ट-टर्म रैंटल के नियमों के बारे में अधिक जानने के लिए, https://gov.bc.ca/ShortTermRentals पर जाएं।

होम्ज़ फॉर पीपल एक्शन प्लॉन को पढ़ने के लिए, https://news.gov.bc.ca/files/Homes_For_People.pdf पर जाएं।

आवासीय संकट से निपटने के लिए और ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को किफ़ायती घर मुहैया कराने के लिए प्रांतीय सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानने के लिए, https://workingforyou.gov.bc.ca/ पर जाएं।

कृपया सार्वजनिक पूछ-ताछ के लिए, https://www2.gov.bc.ca/gov/content/home/get-help-with-government-services पर जाएं

अथवा https://www.gov.bc.ca/shorttermrentals पर जाएं।

**संपर्क:**


जॉर्ज स्मिथ
डायरेक्टर ऑफ़ कम्यूनीकेशनज़
प्रीमियर का कार्यालय
george.smith@gov.bc.ca

आवास मंत्रालय
मीडिया संपर्क
236 478- 0251